पत्र संख्या–26 / विविध–06–10 / 2026–...../

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

आदेश

संवेदक मशरूम अहमद, एस. कंस्ट्रक्शन के द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन पर सुनवाई की गयी, सुनवाई में संवेदक प्रतिनिधि मो0 सलाम खान उपस्थित हुए एवं अपना पक्ष रखे। संचिका के अवलोकनोपरांत पाया गया कि मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय अंतर्गत एकरारनामा सं0–01SBD/2025-26 दिनांक–10.06.2025 (एजेण्डा सं0–225 / 06 / 2025) के तहत संवेदक को कार्य आवंटित किया गया। संवेदक द्वारा उक्त कार्य प्राप्त करने के लिए जाली NSC/TD एवं फर्जी कार्यानुभव प्रमाण पत्र का सहारा लिया गया, जिसके लिए संवेदक के विरूद्ध दलसिंहसराय थाना, जिला–समस्तीपुर में FIR सं0–452 / 2025 दिनांक–19.11.2025, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय. द्वारा दर्ज कराया गया एवं संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गयी।

2. संवेदक के विरूद्ध प्राप्त अनुशंसा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई करते हुए विभागीय आदेश सं0–1206 दिनांक–26.02.2026 द्वारा संवेदक को 10 वर्षों के लिए कालीसूची में डाला गया। उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसमें लगाये गये आरोपों का खंडन करते हुए कालीकरण आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

3. संवेदक से प्राप्त अपील अभ्यावेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपील अभ्यावेदन में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो उनके द्वारा पूर्व में कारण पृच्छा प्रत्युत्तर में समर्पित किया गया था।

4. संवेदक से प्राप्त अपील अभ्यावेदन में कोई ऐसा ठोस साक्ष्य / तथ्य उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि उनके द्वारा निविदा प्राप्त करने के लिए जाली NSC/TD एवं फर्जी कार्यानुभव प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया गया है।

5. अतएव विभागीय आदेश सं0–1206 दिनांक–26.02.2026 द्वारा निर्गत कालीकरण आदेश को यथावत रखते हुए संवेदक मशरूम अहमद, एस. कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मो0 साने आली, ग्राम–अलीनगर, पो0–औरंगाबाद द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

19/6/26

(चंद्रशेखर सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक :– 26 / विविध–06–10 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– संवेदक मशरूम अहमद एस0 कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मुहम्मद साने अली, ग्राम–अलीनगर, पो0–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824101 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–10 / 2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–10 / 2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–10 / 2026 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–10 / 2026 3468 पटना, दिनांक : 22.06.2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।